विद्यारत्नम् महद्धनम्

राजीव गाँधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान
(संसद के अधिनियम के अधीन स्थापित राष्ट्रीय महत्व का एक संस्थान)
Rajiv Gandhi Institute of Petroleum Technology
(An Institution of National Importance established under an Act of Parliament)
Jais, Amethi- 229304, UP, India. Website: www.rgipt.ac.in

प्रशासनिक विभाग क्रय समिति की बैठक

दिनांक : 25 मार्च 2021

स्थान : कुलसचिव कार्यालय, द्वितीय तल, प्रशासनिक भवन

बैठक का कार्यवृत

उपस्थित सदस्य:

- श्री जितेन्द्र प्रसाद, कुलसचिव
- श्री राकेश सिंह, सहायक कुलसचिव (लेखा)
- श्री सुधीर अरोरा, सहायक कुलसचिव (प्रशासनिक)
- श्री कृष्ण कान्त , सहायक कुलसचिव (अंकेक्षण)
- श्रीमती मधुप्रिया, अधीक्षक-ग्रेड-1- आमंत्रित सदस्य

कुलसचिव महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 25 मार्च 2021 को प्रशासनिक विभाग की क्रय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संस्थान द्वारा आमंत्रित मैनपावर टेण्डर प्रक्रिया पर विचार-विमर्श करना था।

अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त सदस्यों को 22 मार्च 2021 को सम्पन्न समिति की बैठक के कार्यवृत्त से अवगत कराया गया एवं उपरोक्त कार्यवृत्त के आधार पर 'आउटसोर्सिंग के आधार पर मैनपावर प्रदान करने हेतु' प्रदान निविदा की तकनीकी बोली का मूल्यांकन किया गया है।

बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा मूल्यांकित तकनीकी बोली के आधार पर उपरोक्त निविदा के निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई-

- उपरोक्त निविदाकर्ताओं की तकनीकी बोली को 19.03.2021 को खोला गया जिसमें से तीन निविदाकर्ताओं ने अपनी वित्तीय बोली तकनीकी बोली के साथ भी दे दी थी। ये निविदादाता हैं-
  1. मेसर्स स्पीक स्पैन सर्विसेज़
  2. मेसर्स शर्मा एण्टरप्राइज़ेज
  3. मेसर्स फेडरल सिक्योरिटी सर्विसेज़

- मेसर्स श्री साई नाथ एसोसिएट ने तकनीकी निविदा बोली के आवश्यक प्रपत्र ईमेल द्वारा एवं हार्डकॉपी में निर्धारित समयावधि में प्रदान कर दी है।
- मेसर्स अलंकित लिमिटेड द्वारा विगत तीन वर्षों का चार्टड अकाउंटेंट द्वारा सत्यापित वार्षिक आय का प्रमाण पत्र तथा हैसियत प्रमाण पत्र (Solvency Certificate) ईमेल द्वारा प्रेषित कर दिया गया है।

मधुप्रिया सुधीर अरोरा राकेश सिंह कृष्ण कान्त 25/3/2021 जितेन्द्र प्रसाद 25/03/2021

उपरोक्त बिन्दुओं पर विचार कर समिति ने पूर्ण सहमति से निम्न प्रस्ताव पारित किये-

- मेसर्स स्पीक स्पैन सर्विसेज़, मेसर्स शर्मा एण्टरप्राइज़ेज एवं मेसर्स फेडरल सिक्योरिटी सर्विसेज़ ने निविदा शर्तों के विरुद्ध तकनीकी निविदा के साथ वित्तीय निविदा प्रदान की है। अतः इन तीनों निविदादाताओं को अयोग्य घोषित किया जाए।

- मेसर्स मेसर्स जी.ए. डिजिटल वेब वर्ड प्रा. लिमिटेड, मेसर्स श्री साई नाथ एसोसिएट एवं मेसर्स अलंकित लिमिटेड तकनीकी निविदा बोली के मूल्यांकन में निविदा के योग्य पाये गये हैं।

- तकनीकी निविदा बोली में योग्य पाये गये निम्म निविदाकर्ताओं की वित्तीय निविदा बोली दिनांक 26.03.2021 को सायं 4 बजे खोली जाये-
    1. मेसर्स मेसर्स जी.ए. डिजिटल वेब वर्ड प्रा. लिमिटेड
    2. मेसर्स श्री साई नाथ एसोसिएट
    3. मेसर्स अलंकित लिमिटेड

बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुयी।

मधुप्रिया 25/03/21 | राकेश सिंह 25/03/21 | कृष्ण कान्त 25/3/2021 | सुधीर अरोरा 25/3/2021

(मधुप्रिया)	(राकेश सिंह)	(कृष्ण कान्त)	(सुधीर अरोरा)
अधीक्षक, ग्रेड-1	स.कु. (लेखा)	स.कु. (अंकेक्षण)	स.कु.(प्रशासनिक)
आमंत्रित सदस्य	सदस्य	सदस्य	सदस्य सचिव

जितेन्द्र प्रसाद 25/03/2021

(जितेन्द्र प्रसाद)
कुलसचिव
अध्यक्ष, क्रय समिति